
एक नजर में

## शांति सुरक्षा के लिए पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च



भौंरासा। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद,व सोनकच्छ एसडीओपी के निर्देशानुसार आगामी मुस्लिम समाज के त्यौहार ईद को दृष्टिगत रखते हुए नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु भौंरासा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। उक्त फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का भय उत्पन्न करना था, फ्लैग मार्च में भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा यह फ्लैग मार्च एमजी रोड से पूरे नगर में होते हुए थाना परिसर पर समाप्त हुआ।

## जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**भौंरासा।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, कांतिलाल यादव, पीरु भाई ठेकेदार, अर्जुन गुर्जर, महेंद्र यादव, अनिल जायसवाल, दिनेश चौहान, चांद साहब, सोहेल चिश्ती, भुरू भाई ठेकेदार, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता का उपस्थित रहे।

## ब्लेंडर्स प्राइड ने पेश किया रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज'

**देवास.** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटरने 'ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़' नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य फ्लेवरको केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है. यह मंचफ्लेवर को एक बहुआयामी यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है- जिसे केवल चखा ही नहीं, बल्कि देखा, सुना, महसूस औरअनुभव भी किया जा सकता है. शेफ कुणाल कपूर के साथ मिलकर तैयार किए गए इसविशेष अनुभव में एक निजी और एक्सक्लूसिव प्रस्तुति दी गई. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभवों की तलाश में हैं, जो केवलउपयोगिता तक सीमित न होकर अधिक खास, प्रीमियमऔर अलग महसूस हों. 'ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्डएक्सपीरियंसेज़' के जरिए हम एक ऐसा सांस्कृतिक मंचतैयार कर रहे हैं, जो इस बदलाव को दर्शाता है और फ्लेवरकी गहराई व जटिलता को बहु-इंद्रिय अनुभवों के माध्यम सेप्रस्तुत करता है.

## लायंस अंतरराष्ट्रीय महाधिवेशन में मयंक काबरा को 4 अवार्ड

**इंदौर .** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के इंदौर में आयोजित 9वें मल्टीपल कन्वेंशन उर्विश में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ ( मल्टीपल 3233 ) के लायन इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है . लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के अंतर्गत लायंस क्लब मक्सी के अध्यक्ष लायन मयंक काबरा की अपनी दूरदर्शिता, अद्वितीय सेवा कार्यों और कुशल नेतृत्व की बदौलत मल्टीपल 3233 (तीन राज्यों मप्र, राजस्थान और छग एवं 955 क्लब )के विशाल नेटवर्क में सर्वोच्च शिखर छूते हुए मल्टीपल के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया . मयंक काबरा ने थीम सॉन्ग तैयार करने के लिए मल्टीपल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ घोषित कर विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया . सटीक और अनुशासित प्रशासनिक नेतृत्व के कारण उनके क्लब को डिस्ट्रिक्ट में सर्वश्रेष्ठ परिपत्र का अवॉर्ड मिला . समाज हित के सेवा कार्यों को डिजिटल और रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिए बेस्ट वीडियो स्टोरी श्रेणी में भी उन्हें अवार्ड से सम्मानित किया गया . सम्मान लायन उनके सुपुत्र पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रमेश काबरा को मुख्य अतिथि मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन मनीष शाह एवं इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडॉर्सी डॉ. कुलभूषण मित्तल के द्वारा प्रदान किया गया . इस अवसर पर श्रीधर माहेश्वरी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रमेश काबरा, वरिष्ठ लायन सदस्य मणिशंकर नागर, ओम प्रकाश शर्मा एवं राम प्रसाद पाटीदार जी विशेष रूप से उपस्थित थे .

## निराश्रित सेवा आश्रम में दी राशन सामग्री

**इंदौर .** सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा अधिक मास के पावन अवसर पर निराश्रित सेवाश्रम में सेवा कार्य आयोजित किया गया . ग्रुप के सदस्यों ने आश्रम पहुँचकर वहाँ रह रहे निराश्रित, बेसहारा एवं दिव्यांग बुजुर्गों के लिए नाश्ते की सामग्री, अनाज एवं राशन सामग्री वितरित की . साथ ही बुजुर्गों के बीच समय बिताकर उनका हालचाल जाना तथा सेवा भाव का संदेश दिया . ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है . समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मानव सेवा के लिए आगे आना चाहिए . निराश्रित सेवाश्रम के संचालक यश पराशर द्वारा कम उम्र में मानव सेवा एवं समाजहित की भावना के साथ आश्रम का संचालन करना सभी के लिए प्रेरणादायक है . आश्रम में वर्तमान में लगभग 125 बुजुर्ग निवासरत हैं, जिनकी देखभाल एवं सेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है . इस सेवा कार्य में सविता सिरसाट, हंसा थोरात, दुर्गेश मेवाड़ा एवं राजकुमारी मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं .

## शहर के बीच बने महिलाओं का इंडस्ट्रियल जोन

**इंदौर .**इंदौर की महिला प्रतिनिधियों ने महिलाओं के आर्थिक एवं औद्योगिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश में महिलाओं हेतु विशेष इंडस्ट्रियल ज़ोन एवं वूमन ग्रोथ हब स्थापित करने की मांग उठाई है . श्रेष्ठा गोयल और उनकी टीम कई सालों से महिला इंदौर में प्रदेश का महिला क्लस्टर बनाने के लिए कार्य कर रही है . वूमेन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की फाउंडर श्रेष्ठा गोयल ने बताया, इस संबंध में सांसद शंकर लालवानी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें महिला उद्यमियों के लिए रेडी-टू-यूज़ औद्योगिक शेड, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता तथा आधुनिक आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया . सांसद ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य में महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर बल दिया .

# चोरी की वारदातों से परेशान बागलीवासियों ने पुलिस को दिया ज्ञापन




**बागली।** कुछ दिनों से बागली और आसपास के क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में अचानक वृद्धि हो गई सोमवार तड़के बागली के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में रहवासी घरों एवं गोडाउन को चोरों ने निशाना बनाया। एक घर में बड़ी चोरी का अंजाम दे दिया, बाकी घरों में कुछ नहीं मिला तो ताले तोड़कर समान तलाशी कर ली।

हाल ही में हुई चोरी में सबसे अधिक क्षति वार्ड क्रमांक 14 के निवासी राजा अजमेरा के परिवार को हुई उनके यहां से 90000 नगदी और सोने चांदी की रकम चोरी हो गई इसी दौरान चोरों ने गुड्डा अजमेरा तेजु बाई अजमेरा के साथ-साथ बागली विधायक सेवा सदन में कार्यरत कर्मचारी विजय बागवान के यहां भी ताले तोड़े गए लेकिन कुछ नहीं मिलने पर चोर यहां से चले गए इस मामले कुछ घरों से सीसीटीवी फुटेज बरामद हुए जिसमें तीन चोरों की संधगित गतिविधि देखी जा सकती है। पुलिस इस आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। बागली नगर स्थित देवयानी कॉलोनी में भी विगत दो माह पहले भी सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात चोर दिखाई दिए लेकिन किसी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाए बुधवार को बागली नगर से जुड़ी महिलाएं एवं नागरिक पुलिस अनुविभागीय कार्यालय एवं थाना कार्यालय बागली में पहुंचे तथा अज्ञात चोरों को शीघ्र पकड़ने के लिए ज्ञापन दीया बागली थाना प्रभारी मनोज सिंह ने आम जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी ओर से सख्त मुहिम चलाई जा रही है |कुछ स्थानों पर पुलिस दल भी भेजे गए हैं शीघ्र ही सफलता मिल जाएगी।

### ऑपरेशन त्री नेत्रम पर उठ रहे सवाल

विगत कुछ महीने पहले देवास जिले में ऑपरेशन त्रिनेत्रम के जरिए अधिक से अधिक स्थानों पर लगाए सीसीटीवी के जरिए अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम शुरू की लेकिन इस कार्य में आम नागरिक और परिवार सहयोग नहीं कर रहे हैं जिनके यहां कैमरे लगे हैं उनमे से अधिकतर खराब है |या मोबाइल से अटैच है जिनका स्टोरेज अधिक नहीं है। इसके चलते भी पुलिस विभाग को सही फुटेज नहीं मिल पा रहे। सार्वजनिक स्थान के कैमरे भी सही तरीके से कार्य नहीं कर रहे हैं।

# ध्रूव, प्रह्लाद और भरत के चरित्र सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर



**देवास।** औदुंबर ब्राह्मण वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में महाराष्ट्र समाज, देवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर ध्रुव, प्रह्लाद एवं जड़भरत के प्रेरणादायी चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति एवं आध्यात्मिक भावनाओं से सराबोर हो गए।

वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि तृतीय दिवस पर प्रात:काल मुख्य यजमान महेंद्र दुबे, संजय उपाध्याय, अनिल चौधरी, राजेंद्र शर्मा एवं भारत दुबे ने सपत्निक वैदिक पूजन संपन्न किया। वैदिक अनुष्ठान वैदिक आचार्य पं. मनीष पाठक नगरपुरोहित, आष्टा के निर्देशन में विप्रजनों द्वारा संपन्न कराया गया। दोपहर में कथाव्यास नगरपुरोहित पं. डॉ. दीपेश पाठक (आष्टा) ने श्रद्धालुओं को ध्रूव, प्रह्लाद एवं जड़भरत के चरित्रों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि ईश्वर के प्रति अटल विश्वास ही सच्ची भक्ति का आधार है। उन्होंने बताया कि भक्त ध्रुव और भक्त प्रह्लाद दोनों ही भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे, जिन्होंने जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी प्रभु पर अपना विश्वास नहीं डगमगाने दिया। सत्य, श्रद्धा और भक्ति की प्रतिमूर्ति के रूप में उनके जीवन से प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। पं. डॉ. दीपेश पाठक ने कहा कि जो व्यक्ति प्रभु पर अटूट विश्वास रखकर भक्ति करता है, उसे ईश्वर की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान ने नृसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का संहार किया और अपने भक्त की रक्षा की। यह प्रसंग इस बात का प्रतीक है कि भगवान अपने सच्चे भक्तों का हर संकट में संरक्षण करते हैं। कथा के दौरान पं. पाठक ने जड़भरत के आख्यान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य को मोह-माया से दूर रहकर निष्काम भाव से जीवन जीना चाहिए। जड़भरत ने सांसारिक बंधनों का त्याग कर आत्मज्ञान का मार्ग अपनाया, जिससे उनका जीवन आदर्श बन गया। धार्मिक कथाओं के माध्यम से बच्चों को संस्कार एवं जीवन मूल्यों की प्रेरणा देना समय की आवश्यकता है।

### संगीतमयी महाआरती में झूमे श्रद्धालु

कथा के पश्चात सुंदर संगीतमय आरती का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक बंधुओं द्वारा कथाव्यास पं. डॉ. दीपेश पाठक का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। कथा श्रवण हेतु प्रांगण में औदुम्बर महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप जोशी, महासचिव उमेश द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष आशुतोष शर्मा (इंदौर), डॉ. प्रकाश उपाध्याय, डॉ. ज्योति उपाध्याय (जावरा), कमलापुर, गांधी नगर इंदौर सहित विभिन्न स्थानों से आए सामाजिक जन, महिला मंडल की सदस्याएं, अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, संस्था ब्रह्म बंधुत्व बीएनपी के अध्यक्ष घनश्याम पण्डित एवं संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संयोजक जयन्त शर्मा ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## तत्व ज्ञान की अखंड धारा को प्रवाहित रखने का संकल्प

**इन्दौर.** 58वें वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर के मध्य 25 मई को तत्ववेत्ता डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल का 91वाँ जन्मदिवस श्रद्धा, उत्साह के साथ 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया. प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी देशभर से आए लगभग 200 से 250 स्नातक विद्वानों ने अपने पूज्य गुरु के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त करते हुए तत्वज्ञान की अखण्ड धारा को निरंतर प्रवाहित रखने का सामूहिक संकल्प लिया. डॉ. भारिल्ल कहा करते थे- मैं ऐसे स्वप्न ही नहीं देखता जो पूरे न हो सकें. उनकी इसी अदम्य इच्छाशक्ति और तत्वप्रचार के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि आज उनके शिष्य उनके जन्मदिवस को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हैं. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल का संपूर्ण जीवन तत्त्वप्रचार को समर्पित रहा. उनका 87 वर्षों का तपस्वी जीवन आदर्शों, उपाधियों और आध्यात्मिक उपलब्धियों का ऐसा प्रेरणास्रोत बन गया है, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ सदियों तक दिशा प्राप्त करती रहेंगी. इस अवसर पर प्रात:काल भव्य 'संकल्प दिवस सभा' का आयोजन किया गया।

# हाईकोर्ट का निर्देश सनातन की विजय का आधार

- शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती इंदौर आए
- बड़ा गणपति पर किया पूजन, भोजशाला में किए दर्शन



**इंदौर. काशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज मंगलवार सुबह इंदौर आए. अपने प्रवास के दौरान महाराजश्री ने सबसे पहले बड़ा गणपति मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन किए और विश्व कल्याण की कामना के साथ विशेष पूजा-अर्चना की.**

बड़ा गणपति पर दर्शन-पूजन के उपरांत शंकराचार्य महाराज पूर्व राज्य मंत्री ( दर्जा प्राप्त ) पंडित योगेंद्र महंत, प्रिंसिपल टोंगिया एवं अन्य प्रबुद्ध जन के निवास स्थान पहुंचे. यहाँ उन्होंने पंडित योगेंद्र महंत और उनके परिवार जनों को आशीर्वाद दिया. इस अवसर पर महाराजश्री से आशीर्वाद लेने और भेंट करने के लिए शहर के कई धर्मप्राण, प्रबुद्ध जन और गणमान्य नागरिक एकत्रित हुए थे.

### भोजशाला में किए दर्शन

शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज ने भोजशाला में अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ मां सरस्वती (वाग्देवी) के दर्शन-पूजन किए और हवन में आहुति दी. पूजन के बाद पत्रकारों से चर्चा में शंकराचार्य जी ने कहा कि राजा भोज द्वारा स्थापित यह भोजशाला केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की महान ज्ञान और साधना स्थली है. भोजशाला से जुड़े कानूनी घटनाक्रमों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय का जो भी निर्देश आया है, वह सनातनियों की विजय का सुदृढ़ आधार है. जिस तरह अयोध्या में पुरातात्विक साक्ष्यों से सत्य की विजय हुई, ठीक वैसे ही भोजशाला में भी साक्ष्यों के आधार पर सत्य की जीत सुनिश्चित है. सनातन को कुछ समय के लिए परेशान किया जा सकता है, पर पराजित नहीं.

# आंचलिक पत्रकार संघ देवास की जिला कार्यकारिणी घोषित

- पत्रकार हितों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प

**कांटाफोड़। आंचलिक पत्रकार संघ देवास की जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जी टांक की अनुशंसा एवं प्रदेश सचिव राजेंद्रसिंह पंवार तथा संभागीय उपाध्यक्ष खुमानसिंह बैस की सहमति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।**

जारी सूची के अनुसार राजू शाह (पुंजापुरा), संदीप गंगराड़े (देवास), ठाकुर सिंह तंवर (बागली), योगेश शर्मा (सतवास), दीपक शर्मा (सुन्द्रेल ) एवं राकेश पुनवासी (हाटपिपल्या) को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जितेंद्र सिंगी (कांटाफोड़) को सचिव, धनश्याम भदौरिया (सतवास) एवं जितेंद्र मारू (देवास) को सहसचिव नियुक्त किया गया है। वहीं ऋषि वर्मा (पुंजापुरा) को मीडिया प्रभारी एवं मनीष मालवीय (कांटाफोड़) को सहमीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदस्यता अभियान प्रभारी के रूप में हरीश जोशी, आशीष तिवारी एवं शैलेष तिवारी (कांटाफोड़) को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजपाल चौहान (देवास), संजय मालवीय (लोहारदा), मोतीलाल गोयल (बोरखलिया ) एवं मनीष सांखला (पुंजापुरा) को शामिल किया गया है। जिला अध्यक्ष शलभ गौरानी ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सभी साथी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से पत्रकार हितों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद जिलेभर के पत्रकार साथियों एवं शुभचिंतकों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# भगवान को 56 भोग नहीं, हमारा शुद्ध और सात्विक मन चाहिए

**इंदौर,.** भक्ति के कई स्वरुप होते हैं लेकिन निष्काम भक्ति को ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है. भक्ति में पाखंड और प्रदर्शन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकते. जीवन की धन्यता सेवा और सत्कर्मों से ही संभव है। भगवान को 56 भोग नहीं, हमारा शुद्ध और सात्विक मन चाहिए. प्रभु के प्रति समपर्ण के सच्चे भाव के बिना भक्ति संभव नहीं है. शिव और पार्वती इस सृष्टि के नियामक हैं.

श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद ने मंगलवार शाम को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मातुश्री श्रीमती कमलादेवी-बाबूलाल मंगल की पुण्य स्मृति में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस उक्त प्रेरक बातें कहीं. कथा शुभारंभ के पहले व्यासपीठ का पूजन प्रमुख संयोजक संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, अवनि-अनंत अग्रवाल, मोतीलाल लश्कर, हर्ष फिरोदिया, संजीव सचदेवा, विनीता-अक्षत अग्रवाल, चंचल अग्रवाल आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी गोविन्द मंगल, गोपाल मंगल, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, विनोद गोयल आदि ने की. कथा श्रवण के लिए आज भी गीता भवन में श्रद्धालुओं का सैलाब बना रहा. संगीतमय कथा के दौरान साध्वी कृष्णानंद द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों पर समूचा सत्संग सभागृह झूमता रहा. कथा 30 मई तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक होगी.

एक नजर में | महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की मेजबानी में लव यू जिन्दगी श्रृंखला का कार्यक्रम

# सखियों ने लिया मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण, जाने फायदे



**इंदौर.** आने वाले समय में सोने के साथ डायमंड की खरीदी करना भी फायदेमंद साबित होगा. इसी तरह थोड़ी-थोड़ी मात्रा में चांदी भी खरीदते रहना चाहिए. सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि हमारे पास घरों या लॉकर्स में जो ओल्ड गोल्ड पड़ा हुआ है, उसे बाजार में लाएं और उसके बदले में डायमंड के गहने खरीद लें ताकि भविष्य में उनसे भी हमें अच्छे दाम मिल सकें.

यह कहना है स्वर्ण आभूषण विशेषज्ञ सुदीप सेठी का, जो उन्होंने महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज द्वारा मंगलवार को अपने लव यू जिन्दगी कार्यक्रम की श्रृंखला में विजय नगर स्थित एक होटल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए. प्रारम्भ में प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल और इस आयोजन की सहयोगी राखी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया. होटल के मॉकटेल एक्सपर्ट लोकेश ने सखियों को कई तरह की मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण भी दिया और उनका फायदा भी बताया. घरों में आने वाले मेहमानों से लेकर बच्चों और महिलाओं के लिए अलग-अलग तरह से मॉकटेल बनाने का प्रशिक्षण भी उन्होंने दिया जिसे सखियों ने पूरी दिलचस्पी के साथ सीखा. उन्होंने कहा कि मॉकटेल के फ्लेवर्स में बैलेंस रखना जरुरी है. मॉकटेल हल्के मीठेज्यादा अच्छे लगते हैं. आइस क्यूब की जगह क्रश्ड आइस ज्यादा स्वाद देगा. मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह के मॉकटेल्स बनाना चाहिए.

### प्रतिस्पर्धाओं में दिखाया हुनर

इसके पूर्व आयोजित विभिन्न गेम्स में डॉ . सोनाली, संगीता, नीलम, मोनिका, स्नेहा, तिलोत्तमा, अनुजा, डांस में पूनम, कविता, करुणा, नेहा, मधु, कृष्णा, काजल, स्मिता और विशेषरूप से मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित वीडियोग्राफी स्पर्धा में कृष्णा और नीना ने बाजी मारकर विजेता का ख़िताब हासिल किया . कार्यक्रम में एंकर मन जैन ने अपने दिलचस्प अंदाज में प्रस्तुतियां दी और कार्यक्रम का संचालन किया . सखियों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए मदर्स डे का जश्न भी मनाया और स्वर्ण तथा डायमंड सहित मॉकटेल से जुड़े विषयों पर अनेक दिलचस्प और उपयोगी जानकारियां भी प्राप्त की .